"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 345] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 4 अगस्त 2017 — श्रावण 13, शक 1939

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 2 अगस्त 2017

अधिसूचना

क्रमांक एफ 7-2/2011/32. — छत्तीसगढ़ विशेष क्षेत्र (अचल संपत्ति का व्ययन) नियम, 2008 में और संशोधन का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे राज्य सरकार, छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 85 की उप-धारा (1) सहपठित धारा 24 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए बनाना प्रस्तावित करती है, उक्त अधिनियम की धारा 85 की उप-धारा (1) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार, उन समस्त व्यक्तियों, जिनके कि इससे प्रभावित होने की संभावना है, की जानकारी के लिये एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है तथा एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप पर इस सूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से तीस दिवस के अवसान के पश्चात् विचार किया जायेगा.

कोई आपत्ति या सुझाव, जो उक्त प्रारूप के संबंध में किसी व्यक्ति से विनिर्दिष्ट कालावधि के पूर्व, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर (कक्ष क्र. एस-1-4) के कार्यालय में, कार्यालयीन समय में प्राप्त हो, पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विचार किया जायेगा.

संशोधन प्रारूप

उक्त नियमों में,-

नियम 18 में,-

(क) उप-नियम (2) में, परंतुक में, पूर्णविराम चिन्ह "।" के स्थान पर, कोलन चिन्ह " :" प्रतिस्थापित किया जाये;

(ख) उप-नियम (2) में, परंतुक के नीचे, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :-

"परन्तु यह और कि छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रानिक, आईटी एवं आईटीईएस निवेश नीति के क्रियान्वयन हेतु प्राधिकारी, शासन के पूर्व अनुमोदन से, विकास एवं निर्माण हेतु पृथक शर्तें निर्धारित कर सकेगा तथा अधिभार भी निर्धारित कर सकेगा.";

(ग) उप-नियम (3) में, परंतुक में, पूर्णविराम चिन्ह "।" के स्थान पर, कोलन चिन्ह " :" प्रतिस्थापित किया जाये; तथा

(घ) उप-नियम (3) में, परंतुक के नीचे, निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात् :-

"परन्तु यह और कि छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रानिक, आईटी एवं आईटीईएस निवेश नीति के क्रियान्वयन हेतु प्राधिकारी, शासन के पूर्व अनुमोदन से, विकास एवं निर्माण हेतु पृथक शर्तें निर्धारित कर सकेगा तथा अधिभार भी निर्धारित कर सकेगा."

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, अपर सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 2 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 7-2/2011/32.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 2-8-2017 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, अपर सचिव.

Naya Raipur, the 2nd August 2017

NOTIFICATION

No. F 7-2/2011/32. — The following further draft to amend the Chhattisgarh Vishesh Kshetra (Achal Sampatti Ka Vyayan) Niyam, 2008, which the State Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 85 read with sub-section (3) of Section 24 of the Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 (No. 23 of 1973), is hereby, published as required by sub-section (1) of Section 85 of the said Adhiniyam, for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft shall be taken into consideration after the expiry of thirty days from the date of publication of this notice in the Official Gazette.

Any objection or suggestions regarding the said draft received from any person, before the specified period, during office hours by the office of the Secretary, Government of Chhattisgarh, Department of House and Environment, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Naya Raipur (Room No. S-1-4) shall be considered by the Government of Chhattisgarh.

DRAFT AMENDMENT

In the said rules,-

In rule 18, -

(a) in sub-rule (2), in proviso, for the punctuation full stop ".", the punctuation colon ":" shall be substituted;

(b) in sub-rule (2), below proviso, the following shall be added, namely :-

"Provided further that, for implementation of the Electronics, IT and ITES Investment Policy of Chhattisgarh, the Authority, with prior approval of the Government may fix different conditions for development and construction and also fix surcharges.";

(c) in sub-rule (3), in proviso, for the punctuation full stop ".", the punctuation colon ":" shall be substituted; and

(d) in sub-rule (3), below proviso, the following shall be added, namely :-

"Provided further that, for implementation of the Electronics, IT and ITES Investment Policy of Chhattisgarh, the Authority, with prior approval of the Government may fix different conditions for development and construction and also fix surcharges."

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
REGINA TOPPO, Additional Secretary.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2017.